

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

पुलिस

PATWAR

HIGH COURT

रेलवे
JE, Group-D, TC, RPF

BANK

SSC
CGL, 10+2, CPO-SI, MTS

शिक्षक
I st ग्रेड

REET
I, II Level

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

20 September 2022



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज ®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )


पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)

Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 20 सितंबर का इतिहास

- **1857 :** मद्रास (अब चेन्नई) का समाचार पत्र द हिन्दू जी एस अय्यर के संपादकीय नेतृत्व में साप्ताहिक अंक के रूप में पहली बार प्रकाशित हुआ।
- **1995 :** संयुक्त राज्य महासभा का 50वाँ अधिवेशन प्रारम्भ।
- **1856 :** भारत के महान संत एवं समाजसुधारक श्री नारायण गुरु का जन्म हुआ।
- **1857 :** ब्रिटिश सैनिकों ने विद्रोहियों से दिल्ली को मुक्त कराकर फिर उस पर कब्जा किया।

## 20 सितंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- सिंधु घाटी सभ्यता का ऐतिहासिक नगर राखीगढ़ी को अब विश्व स्तर पर भी पहचान मिलने जा रही है। राखीगढ़ी में अंतर्राष्ट्रीय म्यूजियम का काम लगभग डेढ़ साल में पूरा होगा। बता दे यहां 32 करोड़ रूपये की लागत से अत्याधुनिक संग्रहालय बना रही है।
- जल संरक्षण और संचयन के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा शुरू की गई अमृत सरोवर योजना में उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट अमृत सरोवर के तहत उत्तर प्रदेश में कुल 8462 झील के निर्माण हुए है। अमृत सरोवर योजना का उद्देश्य भविष्य के लिए पानी का संरक्षण करना है। मिशन अमृत सरोवर के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश दूसरे, जम्मू-कश्मीर तीसरे, राजस्थान चौथे और तमिलनाडु पांचवें स्थान पर है।
- केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने INSGHT 2022 कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए निजी वाहनों के इस्तेमाल में कमी लाने के प्रयास किए जाने पर बल दिया। इसके लिये उन्होंने सार्वजनिक निजी भागीदारी मोड में बिजली पर आधारित व्यावसायिक प्रबंधन वाली सार्वजनिक परिवहन प्रणाली पर जोर दिया। मंत्री ने यह बात हरित और स्वस्थ परिवहन हेतु सतत और अभिनव वित्त पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन INSIGHT 2022 के तहत कही।
- अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद भी भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद नही किया, बल्कि पिछले 6 महीने में रूस भारत का दूसरा सबसे बड़ा तेल बेचने वाला देश बन चुका है। बता दे अब ईरान ने भी भारत सरकार से रूसी मॉडल के सहारे ही चलने की अपील की है। रिपोर्ट के मुताबिक ईरान ने भारत सरकार से अपील करते हुए ईरान पर लगाए गये एकतरफा अमेरिकी प्रतिबंधों की अनदेखी करते हुए उसी तरह से ईरानी तेल खरीदने का आग्रह किया है, जैसे भारत रूस से तेल खरीदता है।
- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद की 26वीं बैठक की अध्यक्षता की। मुंबई में हुई इस बैठक में वित्त मंत्री ने अर्थव्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। परिषद में विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया जैसे-अर्थव्यवस्था के लिए पूर्व चेतावनी संकेतकों और उनसे निपटने के लिए हमारी तैयारी, मौजूदा वित्तीय/ऋण सूचना प्रणाली की दक्षता में सुधार करना।
- प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के लक्ष्यों को पूरा नहीं कर पाने में पिछड़े राज्यों पर जुर्माना लगाने की घोषणा की गई है। इस मामले में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने एक सर्कुलर जारी कर छह दंड खंडों को सूचीबद्ध किया है। पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, ओडिशा, असम, महाराष्ट्र, बिहार आदि कई राज्य अपने लक्ष्य में काफी पीछे हैं। यह दंड, लक्ष्य प्राप्ति में अब निर्धारित समय से अधिक देरी पर लागू होंगे। नए दंड प्रावधानों के मुताबिक, राज्य पर पहले महीने की देरी हेतु 10 रूपये प्रति घर तथा बाद के प्रत्येक महीने की देरी हेतु 20 रूपये प्रति घर जुर्माना लगाया जाएगा।
- Hughes Communications India ने भारत की पहली उच्च थ्रूपुट उपग्रह ब्रॉडबैंड सेवा का शुभारंभ किया। यह सेवा पूरे भारत में दूरस्थ स्थानों पर उपग्रह इंटरनेट की पेशकश करती है। सेवा प्रदान करने के लिए यह इसरो के जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट 11 और GSAT-29 उपग्रहों का इस्तेमाल करेगी। इसमें लगभग 10Mbps की औसत बैंडविड्थ होगी। यह सेवा सामुदायिक इंटरनेट एक्सेस हेतु वाई-फाई हॉटस्पॉट, मोबाइल नेटवर्क पहुंच बढ़ाने के लिए बैकहॉल और सैटेलाइट इंटरनेट आदि जैसे अनुप्रयोगों का समर्थन करेगी।
- वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी भारतपे ने रिजर्व बैंक के पूर्व डिप्टी गवर्नर बी पी कानूनगो और टीएआरआई के संस्थापक कौशिक दत्त को अपने बोर्ड में स्वतंत्र निदेशक के तौर पर शामिल किया है। कंपनी ने बताया कि सख्त कॉरपोरेट मानदंडों तथा पारदर्शिता को मजबूत करने के तहत ये नियुक्तियां की गई है। भारतपे के सीईओ सुहैल समीर ने बताया कि बिजनेस अगले कुछ महीनों में फायदे में जाने वाला है और हम स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति करके अपना गवर्नेंस मजबूत करने की कोशिश कर रहे है।
- आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच वर्षो से सीमा पर चल रहा संघर्ष थमने का नाम नही ले रहा है। आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच एक बार फिर सीमा संघर्ष छिड़ गया है। भारत समेत कई देश दोनों देशों से संघर्ष विराम का आग्रह भी कर चुके है। इस बीच आर्मेनिया ने जानकारी दी कि अजरबैजान से चल रही लड़ाई में उसके 105 सैनिकों की मौत हो गई। इसके बाद संभावना जताई जा रही है कि दोनों देशों के बीच ये संघर्ष और भी बढ़ सकता है।

डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. बधिर लोगों का अंतर्राष्ट्रीय सप्ताह (International Week of The Deaf) कब से कब तक मनाया जा रहा है ?**

(A) 19 से 25 सितंबर 2022 (B) 20 से 26 सितंबर 2022
(C) 21 से 27 सितंबर 2022 (D) 22 से 28 सितंबर 2022

**(A)** बधिर लोगों का अंतर्राष्ट्रीय सप्ताह 19 से 25 सितंबर 2022 तक मनाया जा रहा है। सितंबर महीने के अंतिम रविवार को विश्व बंधिर दिवस मनाया जाता है। इसे पहली बार 1958 में रोम, इटली में उस महीने के उपलक्ष्य में शुरू किया गया था जब वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ द डेफ की पहली विश्व कांग्रेस आयोजित की गई थी।




**2. हाल ही में खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल विकास कोष को कितने करोड़ रूपये देने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए है ?**

(A) 100 करोड़ रूपये (B) 175 करोड़ रूपये
(C) 215 करोड़ रूपये (D) 250 करोड़ रूपये

**(C)** हाल ही में खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल विकास कोष को 215 करोड़ देने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए है। यह समझौता दो सार्वजनिक उपक्रमों एनटीपीसी और ग्रामीण विद्युतीकरण निगम के साथ किया गया है। एनटीपीसी जहां तीरंदाजी के विकास के लिए 115 करोड़ देगा, वहीं REC महिला हॉकी और मुक्केबाजी के लिए 100 करोड़ देगा।



**3. XR स्टार्टअप प्रोग्राम किस देश से संबंधित है ?**

(A) भारत (B) जापान
(C) यूएसए (D) चीन

**(A)** हाल ही में Meity स्टार्टअप हब ने पूरे भारत में XR प्रौद्योगिकी स्टार्टअप को समर्थन ओर गति प्रदान करने के लिए एक एक्सीलेटर कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की। Meity स्टार्अअप हब इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और मेटा की एक पहल है। XR स्टार्टअप प्रोग्राम मेटावर्स के लिए तकनीकी क्षमताओं के कौशल और निर्माण पर केंद्रित है।



**4. भारत के विभिन्न राज्यों में फैले बूथ स्तर के अधिकारियों के साथ सीधा संवाद स्थापित करने के लिए BLO ई-पत्रिका को किस संस्थान ने लॉन्च किया है ?**

(A) नीति आयोग (B) गृह मंत्रालय
(C) चुनाव आयोग (D) संघ लोक सेवा आयोग


**(C)** BLO ई-पत्रिका डिजिटल प्रारूप में स्वीप डिवीजन द्वारा तैयार किया गया द्विमासिक प्रकाशन होगा। चुनाव आयोग BLO के साथ सीधे आवधिक और समय पर संचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रकाशन ला रहा है, जो देश में नागरिकों को चुनावी सेवाएं प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण और महत्वपूर्ण कड़ी है।




**5. हाल ही में किस राज्य के विधानसभा अध्यक्ष को आदर्श विधानसभा अध्यक्ष का विशेष सम्मान दिया गया ?**

(A) हरियाणा (B) मध्यप्रदेश
(C) राजस्थान (D) छत्तीसगढ़

**(C)** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष डॉ.सी.पी. जोशी को भारतीय छात्र संसद द्वारा पुणे में आयोजित समारोह में विशेष सम्मान से नवाजा गया। इस समारोह में डॉ. जोशी को आदर्श विधानसभा अध्यक्ष का विशेष सम्मान दिया गया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ.सी.पी. जोशी को सदन के संचालन में अनुकरणीय नेतृत्व का प्रदर्शन और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुनिश्चित करके लोकतंत्र को मजबूत करने के प्रति सभी नागरिकों, विशेष रूप से युवाओं के समक्ष लोकतंत्र को प्रचारित किये जाने के लिए सम्मानित किया गया है।



**6. हाल ही में किस देश द्वारा आयोजित काकाडू युद्धाभ्यास में भारतीय नौसेना के INS सतपुड़ा और P-8I समुद्री गश्ती विमान ने भाग लिया ?**

(A) ऑस्ट्रेलिया (B) चीन
(C) अमेरिका (D) जापान

**(A)** रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना द्वारा आयोजित काकाडू युद्धाभ्यास में भाग लेने के लिए भारतीय नौसेना का आईएनएस सतपुड़ा और P-8i समुद्री गश्ती विमान ऑस्ट्रेलिया के डार्विन पहुंच चुका है। भारतीय नौसेना के मुताबिक इस बहुराष्ट्रीय अभ्यास में 14 नौसेनाओं के जहाज व समुद्री वाहन शामिल होंगे। यह अभ्यास दो सप्ताह तक बंदरगाह व समुद्र दोनों में किया जाएगा।



**7. सृजन पोर्टल किस मंत्रालय से संबंधित है ?**

(A) गृह मंत्रालय (B) विदेश मंत्रालय
(C) रक्षा मंत्रालय (D) जनजातीय मामलों के मंत्रालय

**(C)** रक्षा मंत्रालय के रक्षा उत्पादन विभाग ने सृजन नामक पोर्टल विकसित किया है। इस पोर्टल को रक्षा में मेक इन इंडिया के अवसर के रूप में विकसित किया गया है। यह पोर्टल एक गैर लेन-देन वाला ऑनलाइन मार्केटप्लेस प्लेटफॉर्म होगा। इसका मुख्य उद्देश्य रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सशस्त्र बलों के स्वदेशीकरण प्रयासों में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाना है।

सत्यमेव जयते
रक्षा मंत्रालय
MINISTRY OF
DEFENCE

**8. दूरस्थ के क्षेत्रों को जोड़ने के लिए ह्यूजेस कम्युनिकेशंस इंडिया ने किस संस्थान के सहयोग से भारत की पहली उच्च क्षमता वाली उपग्रह ब्रॉडबैंड सेवा शुरू की है ?**

(A) इसरो, (बेंगलुरू) (B) DRDO (नई दिल्ली)
(C) ICMR (नई दिल्ली) (D) NIOT (चेन्नई)

**(A)** सैटेलाइट इंटरनेट प्रदाता ह्यूजेस कम्युनिकेशंस इंडिया ने इसरो द्वारा संचालित भारत के पहले उच्च थ्रूपुट उपग्रह (HTS) ब्रॉडबैंड सेवा ने लॉन्च की घोषणा की है। सैटेलाइट सेवा का उद्देश्य देशभर में हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड का विस्तार करना है, ताकि स्थलीय नेटवर्क की पहुंच से परे सबसे दूरस्थ क्षेत्रों में सरकारी नेटवर्क को जोड़ा जा सके।




**9. केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण द्वारा जारी रैंकिंग के अनुसार किस चिड़ियाघर को भारत के सर्वश्रेष्ठ चिड़ियाघर के रूप में मान्यता दी गई है ?**

(A) अरिग्नार अन्ना जूलॉजिकल पार्क (चेन्नई)
(B) श्री चामराजेंद्र जूलॉजिकल पार्क (कर्नाटक)
(C) अलीपुर जूलॉजिकल पार्क (पश्चिम बंगाल)
(D) पद्मजा नायडू हिमालयन जूलॉजिकल पार्क (पश्चिम बंगाल)

**(D)** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में स्थित पद्मजा नायडू हिमालयन जूलॉजिकल पार्क को भारत का सर्वश्रेष्ठ चिड़ियाघर घोषित किया गया है। केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण ने प्रबंधन और प्रभावशीलता जैसे विभिन्न मापदंडों के आधार पर सभी चिड़ियाघर का मूल्यांकन किया है और मूल्यांकन प्रक्रिया पर अंक दिए गए, जिसमें पद्मजा नायडू हिमालयन दार्जिलिंग चिड़ियाघर को सबसे अधिक 83 प्रतिशत अंक मिले है।



**10. रजनी के मंत्र: लाइफ लेसन्स फ्रॉफ इंडियाज मोस्टलव्ड सुपरस्टार पुस्तक को किसने लिखा है ?**

(A) पी.सी.बालासुब्रमण्य (B) मनोज मुंतसिर
(C) संतोष सिन्हा (D) आलोक रजन

**(A)** हाल ही में लेखक पी.सी. बालासुब्रमण्यम ने अंग्रेजी में एक नई किताब रजनी के मंत्र: लाइफ लेसन्स फ्रॉफ इंडियाज मोस्टलव्ड सुपरस्टार लिखी है जिसे जैको पब्लिशिंग हाउस द्वारा प्रकाशित किया गया है। इससे पहले उन्होंने साल 2010 में उनकी पहली पुस्तक रजनी पंचतंत्र लिखी थी।

